<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विषयः भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा ‘सुशासन के लिए निवारक सतर्कता’ विषय पर कार्यशाला का आयोजन

नई दिल्लीः 05.07.2016 – निगमित सतर्कता विभाग, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अहमदाबाद में 29 व 30 जून, 2016 को ‘सुशासन के लिए निवारक सतर्कता’ विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। श्री यतेन्द्र कुमार मुख्य सतर्कता अधिकारी , भाविप्रा ने अपने सम्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्यों पर चर्चा की । इस अवसर पर अनेक प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए। श्री एम. पी. जुनेजा, स्वतंत्र बाह्य अनुवीक्षक (आईईएम), भाविप्रा ने ‘सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया में सामान्य अनियमितताएं ’ विषय पर भाषण दिया। कार्यशाला के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डेमो तथा नियमित सतर्कता विभाग द्वारा केस स्टडी भी शामिल किए गए। इसके अतिरिक्त, आरटीआई एक्ट से जुड़े विभिन्न मुद्दे, पारदर्शिता, परियोजनाओं पर काम करना तथा संबंधित निवारक आयामों पर गहन विचार विमर्श किया गया। निवारक सतर्कता के भाग रुप में ऐसी कार्यशालाएं समयबद्ध अंतराल पर आयोजित की जाती हैं।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,

सं. 21/2016-17

अहमदाबाद हवाईअड्डे पर ‘सुशासन के लिए निवारक सतर्कता’ कार्यशाला में भाग लेते हुए (बाएं से दाये) श्री ए.के. शर्मा, विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अहमदाबाद हवाईअड्डा, श्रीमती के. हेमलता, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, भाविप्रा, पष्चिमी क्षेत्र, मुम्बई, श्री यतेन्द्र कुमार, आई ए एस तथा मु0स0आ0, भाविप्रा, श्री एम.जी. जुनेजा, स्वतंत्र बाह्‌य अनुवीक्षक, भाविप्रा तथा श्री सुरेश ए. बोरकर, महाप्रबंधक (सतर्कता)